wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Title Code : RAJHIN27802

सम्पर्क
ई-पेपर में खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-88 सागवाड़ा, शुक्रवार,26 नवम्बर, 2021 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## युवक ने अपने घर में फंसी लगाकर आत्महत्या कर ली

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के सियालदरी गाँव में एक युवक ने अपने घर में फंसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार सियालदरी निवासी मुकेश के माता व पिता की 5 साल पहले बीमारी के चलते मौत हो चुकी है। मुकेश अपने बड़े भाई विनोद के साथ डूंगरपुर बस स्टैंड व आसपास पानी की बोतले बेचकर अपना गुजारा करते थे। कल शाम को बस स्टैंड से मुकेश जल्दी घर चला गया था वही देर रात बड़ा भाई विनोद भी आने घर पंहुचा तो देखा की मुकेश घर में रस्सी से फांसी का फंदा लगाकर लटका हुआ मिला। विनोद ने आसपास के लोगों को आवाज लगाकर बुलाया, लेकिन मुकेश की मौत हो गई थी। सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पंहुच गई और घटना की जानकारी लेने के बाद शव को फंदे से नीचे उतारा। इसके बाद शव को डूंगरपुर हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने आज सुबह शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। वही मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

# माही, सोम व जाखम का पानी बहकर व्यर्थ जा रहा है उसे रोकने का प्रयास करेंगे- मंत्री मालवीया

## जल संसाधन मंत्री मालवीया का आसपुर , साबला में स्वागत





**आसपुर।** प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री बनने के बाद जल संसाधन मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालविया पहली बार आज डूंगरपुर जिले के दौरे पर रहे। अपने दौरे के दौरान मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालविया आसपुर व साबला पहुंचे जहा पर कांग्रेसी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने मंत्री मालविया का स्वागत किया।

वही इस दौरान मंत्री मालविया साबला स्थित हरी मंदिर पहुंचे जहा पर मंत्री मालविया ने हरी मंदिर में भगवान की पूजा अर्चना की वही बेणेश्वर धाम के पीठाधीश्वर महंत अच्युतानंद महाराज का आशीर्वाद लिया। वही इस मौके पर मंत्री मालविया ने मंदिर सभागार में लोगो को संबोधित किया। अपने संबोधन में मंत्री मालविया ने कहा की पहली बार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उदयपुर संभाग से सिंचाई मंत्री बनाया है।

उन्होंने कहा की वे वागड़ के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा की माही, सोम व जाखम का पानी बहकर व्यर्थ हो जाता है लेकिन वे उस पानी को रोकने के लिए प्रयास करेंगे। उन्होने कहा इस पानी को रोकने के लिए जहा बाँध, तालाब व एनिकट बनाने की आवश्यकता होगी वे बनवायेंगे और यहाँ की जनता को राहत प्रदान करेंगे। वही अपने संबोधन में मंत्री मालविया ने बेणेश्वर धाम में बनने वाले हाईब्रीज का कार्य जल्द ही शुरू करने व पुल बनने के बाद बेणेश्वर धाम की प्राकृतिक सुंदरता को ओर निखारने के लिए पहले से मौजूद एनीकट की ऊंचाई बढ़ाने की बात कही।

इस दरम्यान दिनेश खोड़निया, ताराचंद भगोरा सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विवाहिता ने अपने हाथ की नस काटने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

**डूंगरपुर।।** जिले के कोतवाली थानान्तर्गत शहर के सलाटवाडा मोहल्ले में किराए के घर में एक विवाहिता ने अपने हाथ की नस काटने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय पति, सास ओर ससुर घर के काम से बाहर गए हुए थे। सास मधु सेवक ने बताया कि उसके बेटे जितेंद्र सेवक की शादी 9 साल पहले आरा निवासी नीलम सेवक (27) के साथ हुई थी। दोनों के 4 साल की एक बेटी प्रवेशी है, जिसका इसी साल नर्सरी क्लास में एडमिशन करवाया था। शुक्रवार सुबह नीलम ने उठने के बाद घर का काम निपटाया। इसी बीच नीलम ने अपने पति जितेंद्र से पीहर जाने की बात कही लेकिन पति ने बेटी का स्कूल होने से मना कर दिया। इसी वजह से पत्नी नाराज हो गई। इसके बाद जितेंद्र सेवक नवाडेरा में किसी काम से रवाना हो गया। इसके बाद सास मधु भी इंजीनियर की गली जैन चैत्यालय में पूजा के लिए चली गई। ससुर मणीलाल सेवक होटल पर काम करते है जो सुबह साढ़े 7 बजे ही घर से निकल गए थे। घर पर नीलम अकेली थी उसी दौरान घटना हुई। करीब आधे घंटे बाद ही सास मधु मंदिर में पूजा कर वापस लौटी तो बहु नीलम को पंखे से रस्सी का फंदा लगाकर लटका हुआ देखा। सांस के चिल्लाने पर आसपास के लोग दौड़कर आ गए। महिला को फंदे से नीचे उतारा और डूंगरपुर हॉस्पिटल लेकर गए, जहां डॉक्टर ने जांच कर नीलम के मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस अस्पताल पंहुची और शव को मोर्चरी में रखवाया। मामले में मृतक महिला के पति जितेंद्र सेवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है, फिलहाल पुलिस जांच कर रही है।

## दिवाली से पहले 3 नवम्बर को सड़क हादसे में घायल हुए युवक की आज ईलाज के दौरान मौत

**डूंगरपुर ।** जिले में दिवाली से पहले 3 नवम्बर को सड़क हादसे में घायल हुए मेवाडा गाँव निवासी युवक की आज जिला अस्पताल में ईलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक रोहित कलाल के चचेरे भाई कल्पेश कलाल ने बताया कि रोहित जयपुर से जीएनएम फाइनल ईयर का छात्र था साथ ही वह सागवाडा में एक निजी क्लीनिक पर प्रैक्टिस भी कर रहा था। दिवाली के पहले दिन 3 नवंबर को रोहित बांसवाडा नरवाली के रहने वाले अपने दोस्त कैलाश से मिलने गया था। वहां से लौटते समय नरवाली गांव के पास ही बाइक स्लीप हो गई, जिससे रोहित के सिर में गंभीर चोंट आई। उसे गंभीर हालत में बांसवाडा भर्ती करवाया। इसके बाद हालत खराब होने पर परिवार के लोग गुजरात के निजी अस्पताल ले गए। 22 नवंबर को उसे डूंगरपुर लाकर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया और आज इलाज के दौरान रोहित की मौत हो गई। इसके बाद लाश को डूंगरपुर हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया। सूचना पर बांसवाडा जिले की खमेरा थाना पुलिस मोर्चरी पंहुची और शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

# शारीरिक शिक्षकों का एक दिवसीय वाकपीठ कार्यक्रम आयोजित



**सागवाड़ा।** डूंगरपुर जिले के सागवाडा क्षेत्र में माध्यमिक ओर प्रारम्भिक शारीरिक शिक्षकों का एक दिवसीय वाकपीठ राजकीय बालिका वाड़ेल उच्च माध्यमिकविद्यालय सागवाड़ा में आयोजित हुआ। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भेमजी खांट के मुख्यातिथ्य, समाजसेवी देवशंकर सुथार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। विशिष्ठ अतिथि एसीबीईओ प्रदीपसिंह चौहान रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ में माँ सरस्वती की आराधना हुई। जिसके बाद अतिथियो का स्वागत हुआ। एसीबीईओ चौहान ने शारीरिक शिक्षकों से आग्रह किया कि अपने विद्यालय में कोई दो खेल निर्धारित कर मैदान का विधिवत निरन्तर रखरखाव करें। मुख्यातिथि सीबीईओ भेमजी भाई खांट ने कहा कि विद्यालय में प्रधानाचार्य के बाद शारीरिक शिक्षक का पद महत्वपूर्ण होता है। खांट ने शारीरिक शिक्षक को विद्यालय की तीसरी आंख बताया। सीबीईओ खांट ने सागवाड़ा ब्लॉक के विद्यालयों में अनुशासन की तारीफ करते हुवे कहा कि शारीरिक शिक्षक को विद्यालय में निरंतर सक्रिय रहना है। कन्हैयालाल पुरोहित ने संसार है एक नदिया, सुख दुःख दो किनारे है गीत द्वारा समा बाध दी।

बैठक में सागवाड़ा ब्लॉक में हाल ही में सम्पन्न जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजित करने वाले गामड़ा ब्राह्मणिया के वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक हरिशचन्द्र पाटीदार, वगेरी के शारिरिक शिक्षक विजय जोशी, तलैया के शाशि पंकज मेहता, कानपुर के शाशि हरिप्रकाश कटारा को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष सुथार ने कहा कि विद्यालय की शुरुआत शारीरिक शिक्षक के साथ ही होती है।इस अवसर पर प्रधानाचार्य वेलचन्द पाटीदार, शारीरिक शिक्षा प्रभारी ओमप्रकाश पुरोहित, चंद्रकांत जोशी, ओमप्रकाश जोशी, श्यामसुंदर जोशी, हरिशचन्द्र पाटीदार व राधेश्याम पाटीदार, प्रेमलता बैरवा मौजूद थे। । संचालन सुभाष भट्ट ने तथा आभार दीपिका जैन ने व्यक्त किया।

## पंचायती राज विभाग की याजनाओं की समीक्षा बैठक 6 दिसम्बर को

**डूँगरपुर ।** महात्मा गांधी नरेगा योजना, आवास योजना, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की याजनाओं की समीक्षा बैठक 6 दिसम्बर को प्रातः 11.00 बजे कलक्टर की अध्यक्षता में जिला परिषद् के ईडीपी सभागार में आयोजित की जाएगी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंजली राजोरिया ने बताया कि बैठक में महात्मा गांधी नरेगा योजना,आवासीय योजनाएं, सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, महात्मा गांधी जनभागीदारी विकास योजना, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मुख्यमंत्री नवाचार निधी योजना, सांसद मुख्यमंत्री आदर्श ग्राम योजना, श्याम मुखर्जी रूबर्न मिशन योजना, विलेज मास्टर प्लान प्रशासन गांवों के संग अभियान की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

## वेल्डिंग करते समय इको कार में अचानक आग लग गई



**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थानान्तर्गत शहर में नवाडेरा मार्ग पर वेल्डिंग करते समय एक इको कार में अचानक आग लग गई। कार में आग लगने से आसपास हडकम्प मच गया।

गनीमत रही की समय रहते आग पर काबू पा लिया वरना गैस किट तक आग पहुँचने पर बड़ा हादसा हो सकता था। कार मालिक भूपेश कलाल ने बताया की उसने कार के निचले हिस्से को वेल्डिंग करवाने के लिए दो दिन पहले एक वेल्डिंग वाले के यहाँ रखी थी आज सुबह वेल्डिंग वाला कार की नीचे वाले हिस्से में वेल्डिंग कर रहा था इस दौरान अचानक कार में आग लग गई। आग लगने से आसपास के लोगो में हडकंप मच गया वही आग की सुचना पर डूंगरपुर नगरपरिषद की दमकल की गाडी भी मौके पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया ।

इधर इको कार में गेस किट भी लगा हुआ था गनीमत रही की आग पर समय रहते काबू पा लिया गया वरना गेस किट तक आग पहुँचने पर बड़ा हादसा भी हो सकता था।

## कोविड गाईडलाइन के संबंध में दिशा निर्देश जारी

**डूंगरपुर।**

राजस्थान सरकार गृह विभाग द्वारा आदेश जारी कर कोरोना गाइडलाइन की संबंध में दिशा निर्देश प्रदान किये गये है। जारी आदेश के अनुसार पिछले कुछ दिनों से कोरोना के बढ़ते पॉजिटिव मामलों के मद्देनजर आमजन द्वारा कोविड उपयुक्त व्यवहार, प्रोटोकॉल एवं टीकाकरण के साथ-साथ मास्क का अनिवार्य उपयोग, सेनेटाईजेशन, दो गज की दूरी एवं बंद स्थानों पर उचित वेंटिलेशन का ध्यान रखना अतिआवश्यक है।

**शैक्षणिक गतिविधियों के सम्बन्ध में-** जारी आदेश के अनुसार प्रदेश के विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालय (कक्षा 1 से 12 तक) एवं समस्त कोचिंग संस्थानों में शैक्षणिक गतिविधियां विभाग द्वारा जारी आदेश दिनांक 08.11.2021 द्वारा दिनांक 15 नवम्बर 2021 से अनुमत किये गये है। वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर राज्य में शिक्षण गतिविधियों के सुचारू रूप से संचालन हेतु शिक्षण संस्थाओं (विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालय, कोचिंग संस्थान) द्वारा इनकी पालना सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा। इसमें विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालय के शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टाफ एवं संस्थान आवागमन हेतु संचालित बस, ऑटो एवं कैब के चालक इत्यादि को 14 दिन पूर्व वैक्सीन की दोनों खुराक (प्रथम एवं द्वितीय डोज) अनिवार्य रूप से लेनी होगी। शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टाफ, ध्विद्यार्थियों के आवागमन हेतु संचालित स्कूल बस, ऑटो, कैब इत्यादि वाहन की बैठक क्षमता के अनुसार ही अनुमत होंगे। जारी आदेश के अनुसार शिक्षण संस्थानों में आने से पूर्व सभी विद्यार्थियों द्वारा अपने माता-पिता, अभिभावक से लिखित में अनुमति लेना अनिवार्य होगा। वे माता-पिता, अभिभावक जो अपने बच्चों को अभी ऑफलाईन अध्ययन हेतु संस्थान नहीं भेजना चाहते उन पर संस्थान द्वारा उपस्थिति हेतु दबाव नहीं बनाया जायेगा एवं उनके लिए ऑनलाईन अध्ययन की सुविधा निरन्तर संचालित रखी जायेगी। शिक्षण संस्थानों द्वारा प्रत्येक शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टाफ, विद्यार्थी की स्क्रीनिंग की व्यवस्था करनी होगी एवं इसके उपरान्त ही प्रवेश दिया जावे। अध्ययन अवधि के दौरान संस्थान में एवं आवागमन के दौरान फेस मास्क पहनना अनिवार्य होगा। नो मास्क नो एंट्री की पालना आवश्यक है।

किसी विद्यार्थी, स्टाफ द्वारा मास्क नहीं लगाया जाने पर संस्थान द्वारा मास्क उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जावें। नियमित कक्षाओं के अध्ययन के लिये छात्रों की बैठक व्यवस्था इस प्रकार की जायेगी कि प्रत्येक छात्र के मध्य कम-से-कम दो गज की दूरी सुनिश्चित हो सकें। शिक्षण संस्थानों द्वारा प्रार्थना सभा, एसेम्बली एवं अन्य किसी भी प्रकार के भीड़-भाड़ वाले कार्यक्रमों का आयोजन नहीं किया जायेगा।

## संविधान दिवस पर एडीएम चौहान ने दिलवाई शपथ



**डूंगरपुर।** संविधान दिवस पर शुक्रवार 26 नवम्बर को जिला कलेक्ट्रेट परिसर में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर कृष्णपाल सिंहचौहान ने समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को शपथ दिलवाई। उन्होंने भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने एवं उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होने की शपथ दिलवाई। उन्होंने संबोधित करते हुये इस दिन का महत्व बताया तथा संविधान की प्रस्तावना को शपथ के रूप में दोहराया।

इसके साथ ही मूल कर्तव्यों के बारें में भी बताया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी डूंगरपुर मणीलाल तिरगर सहित जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के समस्त कर्मचारीगण भी मौजूद रहें।

## हत्या के प्रयास के मामले में डेढ़ माह से फरार चार आरोपी गिरफ्तार



**चितरी।** डूँगरपुर जिले के चितरी थाना क्षेत्र में पेट्रोल पम्प कर्मी की हत्या के प्रयास के मामले में डेढ़ माह से फरार चार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस में अनुसार चितरी थाना क्षेत्र के खुमानपुर पेट्रोल पम्प के पास जोगपुर निवासी महेंद्र कटारा चाय की होटल करता है ।

डेढ़ माह पूर्व नरेश कनिफा निवासी काली घाटी खडगदा बाईक लेकर पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने आया था।

वहां पम्प कर्मी रामलाल से गली गलौच करने लगा जिस पर महेंद्र ने उसको समाजा कर वहां से भेज दिया था। जिसके बाद नरेश ओर उसके तीन साथी पप्पु उर्फ भटुडी,विनोद व गणेश पेट्रोल पम्प पर आये और पम्प कर्मी रामलाल पर लाठी ओर पत्थर से जानलेवा हमला कर दिया। ओर वहा खड़े महेन्द्र बीच बचाव करने गया उससे भी मारपीट की जिससे रामलाल को अत्यधिक चोटे आई ओर उसे उदयपुर रेफर किया था। इस मामले में डेढ़ माह से फ़रार चल रहे चारो आरोपियों को चितरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की बैठक आयोजित



**डूंगरपुर।** प्रशासन गांवो के संग अभियान-2021 के अंतर्गत पेंशन,पालनहार योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की समस्त योजनाओं की बैठक ईडीपी सभागार में मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंजलि राजोरिया की उपस्थिति में आयोजित हुई बैठक में ब्लॉक वार समस्त विकास अधिकारियों से समीक्षा करते हुए योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की।

उन्होंने बैठक में प्रशासन गांवो के संग अभियान, राजीव गांधी जल संचयन, महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत समस्त जॉब कार्ड वेरिफिकेशन , समस्त गुड़ गवर्नेंस 7 रजिस्टर संधारण,प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन, राजीविका के साथ समस्त योजनाओं की वित्तीय व भौतिक प्रगति पर चर्चा करते हुए बकाया उपयोगिता व पूर्णता प्रमाण पत्रों को प्रेषित करने के निर्देश दिये।

उन्होंने बैठक में समस्त योजनाओं के अच्छे कार्यो के संकलन के साथ आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित गतिविधियों के फोटो व वीडियो लिंक पर अपलोड करने पर जोर दिया ।

# आसेला शिविर में बेवा रतन को मिला बापी बट्टा, 146 लाभार्थियों को बापी पट्टा देकर किया लाभान्वित



**डूंगरपुर।** बेवा रतन-डूगर निवासी आसेला को शुक्रवार को प्रशासन गांवों के संग अभियान में आयोजित शिविर में बापी पट्टा मिलने से बड़ी राहत मिली। शिविर में पहुंची बेवा रतन ने बताया कि उसके पति डूंगर पिता गोमना निवासी आसेला की मृत्यु 4 वर्ष पूर्ण हो गई थी। उसने बताया कि मृत्यु के पश्चात उसे विधवा पेंशन की स्वीकृति हुई तथा दो पुत्रों तरुण एवं अंकित को पालनहार का लाभ भी मिल रहा है। शुक्रवार को सरकार के द्वारा आयोजित प्रशासन गांवों के संग शिविर में उसने बापी पट्टा हेतु आवेदन किया जिस पर तत्काल स्वीकृति जारी कर उसे लाभान्वित किया गया है। बेवा रतन ने बताया इसके अलावा उसे खाद्य सुरक्षा योजना, उज्जवला योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, श्रमिक कार्ड, महात्मा गांधी नरेगा आदि योजनाओं का भी लाभ मिल चुका है तथा स्वच्छ भारत अभियान में शौचालय निर्माण हेतु 12000 एवं पति की मृत्यु उपरांत पन्नाधाय जनश्री बीमा योजना में 30,000 की आर्थिक सहायता भी मिली है उसने सरकार द्वारा दी जा रही इन योजनाओं से मिल रहे संबंल के लिए आभार व्यक्त किया। शिविर प्रभारी ने बताया कि शुक्रवार को आयोजित शिविर में ग्राम पंचायत आसेला में 15 नये जॉब कार्ड जारी किए गए। नियम 157 के तहत शिविर के दौरान 146 पट्टी जारी किए गए वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 78 स्वीकृतियां जारी की गई तथा कन्वर्जेंस के अंतर्गत अपना खेत अपना काम में 26 स्वीकृतियां जारी की गई। शिविर में व्यक्तिगत शौचालय हेतु पात्र 89 परिवारों का चिन्हिकरण किया गया। शिविर के दौरान छः जन्म, छः मृत्यु तथा चार विवाह प्रमाण पत्र जारी किए गए। कृषि विभाग द्वारा 40 मृदा नमूनों का संग्रहण किया गया एवं 10 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए वहीं सिंचाई पाइप लाइन हेतु 03, पौध संरक्षण उपकरण हेतु एक, कृषि यंत्र हेतु एक आवेदन स्वीकृत कर राहत दी गई। आयुर्वेद विभाग के द्वारा 62 रोगियों को परामर्श एवं औषधियां प्रदान की गई। पीएचइडी विभाग के द्वारा हैंडपंप मरम्मत के तीन एवं पेयजल संबंधी एक शिकायत का निस्तारण कर राहत दी गई। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा वृद्धावस्था पेंशन योजना में एक, वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना में 10, रिटर्न हो रही पेंशन समाधान में एक, छात्रवृत्ति में दिए हुए बैंक खाते में परिवर्तन में एक, पालनहार योजना में चार, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में एक आवेदन स्वीकृत करते हुए राहत दी गई ।